चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26-1-24 | 5 | 6-8 |

# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्त्तव्य का पालन करे : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों व विभागों में भी दिलाई गई शपथ

हिसार, 25 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा



मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदान संबंधी शपथ दिलाते कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज।


कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, एसपीआईओ डॉ. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, सहायक कुलसचिव ताराचंद राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, हरीश पाहवा सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.1.24 | 2 | 3-4 |

## निष्पक्ष मतदान करके हर नागरिक कर्तव्य का पालन करे : प्रो. काम्बोज

### कॉलेजों और विभागों में भी दिलाई गई शपथ



भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम किया गया। इसमें एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, एसपीआईओ डॉ. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, सहायक कुलसचिव ताराचंद राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, हरीश पाहवा आदि उपस्थित थे।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26-1-24 | 4 | 1-6 |

जागरूकता

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एचएयू और लुवास में कर्मचारियों व अधिकारियों को दिलाई मतदान करने की शपथ

# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें : प्रो. कांबोज



एचएयू में मतदान संबंधी शपथ दिलाते कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज। स्रोत : संस्थान

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वीरवार को 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे।

कुलपति ने कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है, जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26-1-24 | 2 | 4-5 |

## निष्पक्ष मतदान कर प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें : प्रो. बीआर काम्बोज


जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रख निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, एसपीआईओ डा. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार आदि मौजूद थे।



मतदान संबंधी शपथ दिलाते कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज व अन्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26-1-24 | 4 | 7-8 |



मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदान संबंधी शपथ दिलवाते कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज।

## मतदाता दिवस पर हकृवि में दिलवाई शपथ

हिसार, 25 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

वहीं विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलवाई गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 25.01.2024 | -- | -- |


# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें: बीआर काम्बोज

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 25 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 25.01.2024 | -- | -- |

## निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें : प्रो. बी. आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार, 25 जनवरी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फतेचंद भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, एसपीआईओ डॉ. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, सहायक कुलसचिव ताराचंद, राजकुमार महता, राजीव घोर, अंशुल, हरीश पाहवा सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 25.01.2024 | -- | -- |

# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें : प्रो. बी.आर. काम्बोज



**चिराग टाइम्स न्यूज**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 25.01.2024 | -- | -- |


# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें: प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज़



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, एसपीआईओ डॉ. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, सहायक कुलसचिव ताराचंद राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, हरीश पाहवा सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.01.2024 | -- | -- |

# निष्पक्ष मतदान कर हर नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करें: प्रो. काम्बोज



मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदान संबंधी शपथ दिलाते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 14वें मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कुलपति ने कहा कि मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यही अधिकार व्यक्ति को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत जैसे अन्य देशों में मतदान प्रक्रिया आम नागरिक की राय को व्यक्त करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार देश में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, डॉ अतुल ढींगड़ा, डॉ संदीप आर्य, कपिल अरोड़ा, सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, डॉ. राजीव पटेरिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, सहायक कुलसचिव तारा चंद, राजकुमार महता, राजीव मोर सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 25.01.2024 | -- | -- |


# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हकृवि में प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

## ● इस प्रयोगशाला में उच्च गुणवत्ता के बीमारी रहित 20 लाख पौधे प्रति वर्ष किए जा सकेंगे तैयार

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में सेंटर फार माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड उत्पादन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअल माध्यम से किया। विश्वविद्यालय में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा रहे व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज ने अध्यक्षता की।



हकृवि में सेंटर फार माइक्रोप्रोपेगेशन एड डबल हेपलोड उत्पादन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उदघाटन करते मुख्यातिथि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा सहित अन्य।

हरियाणा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला का स्थापित होना सौभाग्य की बात है और उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला से किसानों को सीधे रूप से फायदा होगा, जहां से तैयार किए पौधे हरियाणा ही नहीं अपितु उत्तर भारत के किसानों को उपलब्ध करवाएं जा सकेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे किसानों के हित में शोध कर कृषि क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रयोगशाला का कृषि क्षेत्र में बहुत योगदान रहेगा। हरियाणा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जोकि किसानों की सेवा के लिए हमेशा से ही तत्पर रहते हैं। इसी दिशा में विश्वविद्यालय में माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड उत्पादन की अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रयोगशाला लगभग 6 करोड़ रुपये में तैयार किया गया है। इस प्रयोगशाला में टिशू कल्चर विधि से विभिन्न पौधे तैयार करने की विधियां विकसित की गई है, जहां लगभग 20 लाख उच्च गुणवत्ता, बीमारी रहित एवं आनुवांशिक रूप से एक जैसे पौधे प्रति वर्ष तैयार किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला में गन्ना, केला, ब्रह्मी, एलोविरा, औषधीय पौधे एवं अन्य कृषि उपयोगी पौधे तैयार कर किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा। भविष्य में भी हमारी कोशिश यह रहेगी कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे तैयार कर किसानों को उपलब्ध करवा सकें।

बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि यह प्रयोगशाला 2.5 एकड़ में फैली हुई है, जोकि तीन भागों में विभाजित है। पहला भाग प्रयोगशाला है, जोकि 6500 स्कवेयर फीट में स्थापित है, जिसमें पौधे परखनलियों में प्रयोगशाला में नियंत्रित तापमान एवं प्रकाश के अंदर विकसित किए जाते हैं। दूसरा भाग ग्रीन हाउस है, जोकि 1041 स्कवेयर फीट में बना हुआ है। जहां पर पौधों को नियंत्रित तापमान एवं आर्द्रता में विकसित किया जाता है। इस ग्रीन हाउस में टिशू कल्चर विधि का इस्तेमाल कर 5 लाख पौध को रखने की क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि तीसरा भाग नेट हाउस है, जोकि एक एकड़ में बना हुआ है, जिसमें पौधों को रखकर किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं गैर-शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।